भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 80

19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

सरकारी क्षेत्र की इस्पात यूनिटें

80. श्रीमती पूनम महाजन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में सरकारी क्षेत्र के रुग्ण इस्पात यूनिटों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त यूनिटों के पुनरुद्धार के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्य कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत इस्पात का विनिर्माण करने वाले दो केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई) हैं यथा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। दोनों सीपीएसई रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

****